also reported that the execution of this project by Karnataka would seriously prejudice the discussions and create complications with regard to final settlement of the issues relating to Cauvery waters.

In view of these, the Prime Minister requested the Chief Minister of Karnataka to ensure that the *status quo* was not disturbed pending a final decision for which discussions are proposed to be held shortly.

**भारतीय खाद्य निगम के अधीन चावल मिलों और चावल भूसी तेल मिलों की संख्या**

4439. **श्री धर्म सिंह भाई पटेल :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय खाद्य निगम के अधीन इस समय कितनी आधुनिक धान कुटाई मिलें, चावल मिलों और चावल-भूसी तेल मिलें हैं, और उनमें से कितनी मिलें इस समय काम कर रही हैं और शेष मिलें कब कार्य प्रारम्भ करेंगी और उनकी संख्या क्या है; और

(ख) इन मिलों द्वारा प्रति वर्ष कितने टन चावल तथा चावल-भूसी तेल का अतिरिक्त उत्पादन किया जायेगा ?

**कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) :** (क) भारतीय खाद्य निगम ने 25 आधुनिक चावल मिलें और 1 चावल ब्रान तेल निस्सारण संयंत्र स्थापित किया है। वे सभी यूनिट इस समय कार्य कर रहे हैं।

(ख) अनुमान है कि ये मिलें 1977-78 के दौरान लगभग 2.06 लाख मीटरीटन चावल और 650 मीटरी टन चावल ब्रान तेल का उत्पादन करेंगी।

**ताजमहल का झुकना**

4440. **श्री केशवराम घोंडगे :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ विदेशी विशेषज्ञों और समाचार पत्रों ने समाचार दिया है कि आगरा का ताजमहल एक ओर झुकता जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस मामले की जांच की है और यदि हां, तो इसका क्या परिणाम निकला ?

**शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) :** (क) और (ख). जी नहीं। सरकार की जानकारी में विदेशी विशेषज्ञों और समाचार पत्रों की कोई ऐसी रिपोर्ट नहीं आई है।

आगरा में ताजमहल एक ओर नहीं झुक रहा है। मकबरे के ऊंचे पीठ का चबूतरा वर्षा के पानी की सहज निकासी के लिए नदी की ओर ढालू है। मुख्य इमारत के विभिन्न भागों के स्तरों की जांच भारतीय सर्वेक्षण द्वारा समय-समय की जाती है और फरवरी, 1975 की अन्तिम रिपोर्ट ने यह प्रकट कर दिया है कि ताज के स्तरों में किसी प्रकार का कोई प्रत्यक्ष परिवर्तन नहीं है।

**Constructional Project in Paiwala, Jama Masjid by DDA**

4441. CHAUDHURY BRAHM PERKASH: Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) the amount so far spent by the DDA on a large-scale construction project in Paiwala, in Jama Masjid area;

(b) whether it is a fact that the land in Paiwala on which eight multistoreyed blocks are being constructed was acquired by DDA during the emergency under the extraordinary powers vested in it at that time;

(c) to whom this land belonged and whether the owner has staked any claim over it; and

(d) the loss likely to be suffered by the DDA on this account and the reaction of Government thereto?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDAR BAKHT): (a) to (d). The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

**कम वसूली**

4442. **श्री सूर्य नारायण सिंह** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वर्षों की तुलना में इस वर्ष खरीफ की फसल की कम वसूली हुई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्सबन्धी ब्यौरा क्या है और इस वसूली को बढ़ाने के लिए भारतीय खाद्य निगम द्वारा क्या प्रबन्ध किये गये हैं?

**कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह)** : (क) 1977-78 के चालू विपणन मौसम में खरीफ अनाजों की वसूली अक्तूबर, 1978 के अन्त तक की जाती रहेगी। 15 दिसम्बर, 1977 तक प्राप्त सूचनानुसार कुल 17.89 लाख मीटरी टन मात्रा वसूल की जा चुकी है जबकि 1976-77 के खरीफ विपणन मौसम की उसी अवधि के दौरान 15.47 लाख मीटरी टन की वसूली की गई थी।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

**Alleged cases of Nepotism in National School of Drama**

4443. DR. VASANT KUMAR PANDIT: Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state:

(a) whether "Forum to fight Nepotism" has alleged several cases of wrong selections, of favouritism and nepotism in the faculty posts under the National School of Drama at Delhi;

(b) whether Government have inquired into cases of alleged misadministration and mismanagement in the National School of Drama; and

(c) if so, what action have Government taken to attend to the charges made?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER): (a) Yes, Sir.

(b) and (c). The matter was referred to the National School of Drama, which is managed by a Society registered under the Societies Registration Act, 1860. According to the information supplied by the School, the allegations are baseless.

**Allotment of Plots to Chittaranjan Memorial Society, New Delhi**

4444. SHRI DILIP CHAKRAVARTY: Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether the premium for plots given to the allottees in Chittaranjan Park near Kalkaji (Delhi) includes among others the cost of acquisition of Park sites, community centres and school grounds; and

(b) if so, the reasons for charging Rs. 1½ lacs from Deshbandhu Chittaranjan Memorial Society for allotment of a community centre to the Society whether it violates the principle of 'no profit, no loss' governing the allotment of plot in Chittaranjan Park?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI RAM KINKAR): (a)